सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा - तीन विषय - हिंदी **पाठ :- पाठ - ९ (मैं सड़क हूँ)**

कठिन शब्द

१. तारकोल

२. शीतल

३. आनंद

४. बसेरा

५. दुर्घटना

६. लक्ष्य

७. घुमावदार

८. तरक्की

९. मोहल्ले

१०. कोशिश

११. बातें

१२. संकेत -चिन्ह

2.निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए

प्रश्न (क) सड़क का जन्म कब हुआ होगा?

उत्तर—जब मनुष्य ने एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए रास्ते बनाने शुरू किए, तभी सड़क का जन्म हुआ होगा।

प्रश्न (ख) सड़क गाँवों को शहरों से जोड़ने समय कैसे-कैसे गुजरती है?

उत्तर—सड़क गाँवों **को** शहरों से जोड़ते समय **मैदानों** , जंगलों और पहाड़ों से होकर गुजरती है।

प्रश्न (ग) सड़क को अपने किनारे खड़े पेड़ क्यों अच्छे लगते हैं?

उत्तर— सड़क को **अपने किनारे खड़े पेड़ इसलिए अच्छे लगते हैं क्योंकि वह पैदल चलने वाले तथा पशु-पक्षियों को आराम देते हैं।**

प्रश्न (घ) सड़क को लोगों के किस कार्य से कष्ट होता है?

उत्तर— **सड़क को तब कष्ट होता है** जब **लोग** सड़क पर कूड़ा-कचरा फेंक **कर उस**को गंदा करते हैं, **तथा उस पर थूकते हैं ।**

प्रश्न (ङ) सड़क हमें क्या सीख देती है?

उत्तर—सड़क हमें लगातार चलते रहने और दूसरों की मदद करते हुए अपनी मंजिल तक पहुँचने की सीख देती है।

निम्न शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ---------

क) शीतल - ठंडी

वाक्य - सुबह की शीतल हवा मन को बहुत प्रसन्न कर देती है।

ख) आनंद - खुशी

वाक्य - **दूसरों की मदद करके मुझे आनंद मिलता है।**

ग) लक्ष्य - मंज़िल

वाक्य - जीवन **में अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर परिश्रम करना चाहिए** ।

घ) बसेरा - घर

वाक्य - शाम होते ही सभी पक्षी अपने बसेरे **पर लौट आते हैं** ।